## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुलिस नक्सली मुठभेड़, दो नक्सली के मारे जाने की खबर, हथियार भी बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है, इस मुठभेड़ में पुलिस ने दो नक्सलियों को मार गिराने में सफ्लता हासिल किया है वही मारे गए नक्सलियों के पास से हथियार भी बरामद किया जाने की खबर है । जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र के कंवरगट्टा के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर तेलंगाना की ग्रेहाउंड फोर्स और बीजापुर पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया था, इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस पार्टी की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई । इस मुठभेड़ में पुलिस ने दो नक्सलियों को मार गिराया है वही हथियार भी बरामद करने में सफ्लता हासिल किया है । घटना की बीजापुर एसपी गोवर्धन ठाकुर ने पुष्टि की है ।

### चेक बाउंस प्रकरणों के लिए आयोजित लोक अदालत में 118 प्रकरणों का हुआ निपटारा

**जगदलपुर।** न्यायालयों में लंबित चेक बाउंस प्रकरणों के आपसी सुलह से निराकरण के लिए जिला व सत्र न्यायालय में वृहद लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें पक्षकारों के बीच आपसी राजीनामे से 118 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इन प्रकरणों में एक करोड़ 73 लाख 25 हजार की राशि समाहित थी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बताया कि न्यायालयों में लंबित चेक बाउंस के प्रकरणों का पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामे से निराकरण के लिए पूरे प्रदेश में लोक अदालतों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालतों में इन प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय में चार खंडपीठ गठित किए गए। इन खंडपीठों में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के अन्तर्गत चेक बाउंस के 868 प्रकरण चिन्हित किए गए थे, जिसमें 118 प्रकरणों का मौके पर पक्षकारों के मध्य आपसी सुलह से निराकरण किया गया। प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से ऐसे प्रकरणों का पक्षकारों के मध्य आपसी सुलह से निराकरण किया जा सकता है। लोक अदालत में 118 प्रकरणों का निराकरण हो जाने से दोनों पक्षों को समय और धन की बचत हुई है।

### राइस मिल में डायर मशीन गिरने से तीन मजदूर दबे, राहत और बचाव कार्य जारी

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र अंतर्गत स्थित एक राइस मिल के भीतर डायर मशीन गिर जाने से तीन मजदूरों के दबे होने की खबर प्रकाश में आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार सुबह 11:00 बजे के आसपास घटित हुई बताई जा रही है जेवरा सिरसा के संत हरदास राइस मिल में प्रतिदिन की तरह आज भी मजदूर कार्य में लगे थे तभी अचानक उनके ऊपर डायर मशीन गिर गया जिसके बाद वहां अफ्रा-तफ्री की स्थिति मच गई घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय जेवरा सिरसा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई तीन मजदूरों के दबे होने की खबर मिलते ही हरकत में आई प्रशासन की टीम ने वहां राहत और बचाव के लिए एसडीआरएफकी टीम को भेज दिया है एसडीआरएफकी टीम मौके पर पहुंचकर डायर सेट के नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए प्रयास कर रही है

### युवक को धारादार औजार से मारकर किया घायल,रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर।** युवक के साथ गाली-गलौज करते हुये मारपीटकर पेट में चाकू मारकर घायल कर दिये जाने की रिपोर्ट गोलबाजार थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुराना चीरघर मैदान गोलबाजार रायपुर निवासी धमेन्द्र नायक ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि हिमलाय नायक को विशाल व गिरिश एवं उसके भाई ने गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया व किसी धारदार औजार से पेट में मार कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,323,34,506 के तहत अपराध कायम कर लिया है।

### महूं कुंवारा तहूं कुंवारी 26 को 23 सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 23 सिनेमाघरों में छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म महूं कुंवारा तहूं कुंवारी का प्रदर्शन 26 अप्रैल को किया जाएगा। सिंगल स्क्रीन थियेटर के साथ-साथ मल्टीप्लेक्स में रिलीज हो रही फिल्म कामेडी से भरपूर है। यह फिल्म दर्शकों को अवश्य पसंद आयेगी। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में फिल्म के निर्माता निर्देशक मनोज वर्मा, राकी दासवानी एवं नीरज विक्रम ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में वर्मा ने बताया कि उनकी फिल्म छत्तीसगढ़ी संस्कृति से ओत-प्रोत है। फिल्म की शूटिंग नया रायपुर, मैनपाट एवं डोंगरगढ़ में की है। सोनी की कर्णप्रिय धुनों से सजे गीतों को यूट्यूब में अब 5 लाख लोगों ने पसंद किया है।

### कौशिक के बयान पर कांग्रेस का पलटवार

**रायपुर।** भाजपा नेता धरमलाल कौशिक द्वारा चिटफंड कंपनियों को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए आज कांग्रेस ने श्री कौशिक से चंद सवाल पूछे हैं। कांग्रेस से जारी एक बयान में कहा गया है कि श्री कौशिक बताएं कि विगत 10 वर्षों में राज्य में रमन सिंह के निर्देश पर कलेक्टरों द्वारा आयोजित शासकीय रोजगार मेलों में चिटफंड कंपनियों को आमंत्रित कर रमन सिंह, धरमलाल कौशिक, अभिषेक सिंह एवं भाजपा के अन्य पदाधिकारियों द्वारा भोले-भाले ग्रामीण युवकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये थे अथवा नहीं? इन भोल-भाले युवकों द्वारा राज्य के लाखों परिवारों के हजारों करोड़ रूपयें एकत्रित कर चिटफंड कंपनियों के खातों में जमा किये गये थे अथवा नहीं? सभी चिटफंड कंपनियां लाखों गरीब परिवारों की गाढ़े पसीने की कमाई लूटकर चिटफंड कंपनियां एक-एक करके रमन सिंह की छत्रछाया में फरार हुई की नहीं?

# तीसरे रेल लाईन का काम शुरू, ट्रेन प्रभावित

**रायपुर।** यात्रीगण कृपया ध्यान दें... यदि आप रविवार को रायपुर रेलवे स्टेशन से मुंबई हावड़ा मार्ग पर सफर करना चाहते हैं तो आपका सफर मुश्किलों भरा हो सकता है। इसलिए घर से निकलने से पहले ट्रेनों के बारे में जानकारी ले लें। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रायपुर रेल मंडल अंतर्गत दाधापारा और बिलासपुर के बीच आटोमेटिक सिग्नल और तीसरी लाइन के विद्युतीकरण का काम किया जा रहा है। इसके चलते रविवार को कई गाड़ियां रद रहेंगी। कुछ गाड़ियों को बीच में समाप्त कर दिया जाएगा और कुछ को मेमू बनाकर चलाया जाएगा। शनिवार को भी रेलवे ने रायपुर गेवरारोड मेमू और रायपुर गेवरारोड पैसेंजर को रद कर



दिया था। छपरा से दुर्ग आने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को बिलासपुर और दुर्ग के बीच रद कर दिया गया था। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को उसलापुर एवं गोंदिया के बीच, छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को बिलासपुर एवं दुर्ग के बीच, राजेन्द्र नगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस को बिलासपुर और दुर्ग के बीच, अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस को उसलापुर एवं दुर्ग के बीच और टाटानगर-इतवारी पैसेंजर को बिलासपुर एवं इतवारी के बीच रद किया गया था।

कोरबा-रायपुर एक्सप्रेस 21 अप्रैल को एक घंटे देरी से तथा रायपुर-कोरबा एक्सप्रेस 20 मिनट देरी रवाना होगी। इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस, विशाखापट्टनम-कोरबा लिंक एक्सप्रेस, अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और रायपुर-कोरबा एक्सप्रेस 21 अप्रैल को रायपुर और बिलासपुर के बीच पैसेंजर

## मतदान दलों के लिए उपलब्ध रहेगी चिकित्सकीय सुविधा

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजु एस. के निर्देशन पर लोक सभा निर्वाचन 2019 में रायपुर जिले के समस्त मतदान केन्द्रों में ड्यूटी लगाये गये मतदान दलों, समस्त सेक्टर अधिकारियों एवं जोनल अधिकारियों को स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से प्राथमिक चिकित्सा कीट उपलब्ध कराया गया है तथा सभी मतदान केन्द्रों में संबंधित क्षेत्र के मितानिनों की भी ड्यूटी लगाई गई है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.आर.सोनवानी ने बताया कि जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी सेक्टर अधिकारियों के साथ लगायी गई थी जिससे स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित हो सकती थी इसे देखते हुए तथा कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिन चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी सेक्टर अधिकारियों के साथ लगायी गई थी उसे निरस्त कर उन सभी चिकित्सा अधिकारियों को मतदान दिवस 23 अप्रैल को प्रातः 06:00 बजे से मतदान समाप्ति तक अपने अपने चिकित्सा संस्थाओं में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गए है। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, जिला अस्पताल रायपुर एवं समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## बिना गारंटी का 50 लाख का लोन मोदी का नया जुमला - कांग्रेस

**रायपुर।** छोटे व्यापारियों को बिना गारंटी के 50 लाख लोन देने की मोदी की घोषणा को कांग्रेस ने नया जुमला बताया है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नोटबंदी, जीएसटी से व्यापारियों की कमरतोड़ने वाले चुनाव में घड़ियाली आंसू बहा रहे। 5 साल तक सरकार चलाने के दौरान भाजपा और मोदी को व्यापार और उद्योग की चिंता नहीं हुई। जब पूरे देश में व्यापार जगत के लोग भाजपा के विरोध में है तो चुनावी वैतरणी पार करने के लिये 50 लाख बिना गारंटी के लोन देने की जुमलेबाजी कर रहे है। मनमोहन सिंह सरकार के समय बिना बंधक के 1.5 करोड़ तक का ऋण सी.जी.टी.एम.सी. योजना के तहत छोटे व्यापारियों को मिलता था जिसे मोदी सरकार के आने के बाद बंद कर दिया गया। अब चुनाव में वोटो की खातिर मोदी उसी योजना की दो हिस्से में कटौती कर फिर से



शुरू करने का चुनावी झूठा वायदा कर रहे है। व्यापारियों को नियम कायदे में इतना उलझा दिया है कि छोटा व्यापारी कोई नया व्यवसाय, उद्योग शुरू करता है तो उसकी कागजी कार्यवाही में आधी ऊर्जा और समय बर्बाद हो जाता है। इसीलिये कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में नया व्यापार शुरू करने पर 3 साल तक कागजी औपचारिकता से छूट देने का वायदा किया

## चना-नमक को लेकर भाजपा फैला रही अफवाह : भूपेश बघेल

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी हर समय की तरह इस समय भी अफवाह फैलाने का काम कर रही है और चना और नमक के मामले में खासकर, आदिवासी क्षेत्रों में या गरीब तबके में इस तरह से अफवाह फैला रहे हैं कि नमक, चना और बंद कर दिया गया। जबकि यह सफेद झूठ है, इस अफवाह में आने की आवश्यता नहीं है, हम अच्छी क्वालिटी का चना और नमक आम उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराएंगे। ज्ञात हो कि इस समय यह चर्चा जोरों पर है कि चना और नमक की योजना बंद कर दी गई है। इस भ्रम को दूर करने के लिए राज्य के मुखिया ने आज एक वीडियो मैसेज जारी किया है।

## छत्तीसगढ़ का भाग्य बदलेगा ये चुनाव : कांग्रेस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि केंद्र में नई सरकार बनाने के लिए हो रहे चुनाव छत्तीसगढ़ का भाग्य भी बदलने वाले हैं क्योंकि भूपेश बघेल सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों का भविष्य भी केंद्र सरकार की नीतियों पर निर्भर रहेगा। केन्द्र में कांग्रेस सरकार बनने पर बघेल सरकार की अच्छी कार्यक्रमों को और ताकत मिलेगी।

प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की नवगठित कांग्रेस सरकार ने पिछले तीन महीनों में लिए गए अपने फ़ैसलों से ज़ाहिर कर दिया है कि वह ग़रीबों, मज़दूरों और किसानों के हित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। भूपेश बघेल की सरकार साथ-साथ उद्योगपतियों और कारोबारियों की हितरक्षा का छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये काम कर रही है। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि मोदी सरकार का रवैया छत्तीसगढ़ के प्रति सौतेला रहा है और इसीलिए आवश्यक है कि केंद्र में भी सत्ता परिवर्तन हो और कांग्रेस की सरकार आए, जिससे मनरेगा से लेकर राज्य को चावल आवंटन तक और न्याय योजना लागू होने से कोल ब्लॉकों के राजस्व तक हर मामले में छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अन्याय न हो।

मोदी सरकार के इतिहास पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि अगर ग़लती से भी मोदी सरकार लौटकर आई तो छत्तीसगढ़ के निवासियों की खुशियों और सपनों पर कुठाराघात होगा।

प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि तथ्यों से स्पष्ट है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियां लगातार छत्तीसगढ़ विरोधी, मजदूर किसान विरोधी और गरीब विरोधी रही है और सर्वाधिक दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बावजूद केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य के साथ भेदभाव करती रही। भाजपा की रमन सिंह सरकार में छत्तीसगढ़ में गरीब बढ़ते रहे और मोदी सरकार लगातार गरीब विरोधी फैसले लेते रही। केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने से छत्तीसगढ़ के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

## पुलिस ने मार गिराए दो वर्दीधारी नक्सली

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज सुबह पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुयी मुठभेड़ में पुलिस ने दो वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार पामेड़ थाना क्षेत्र के जंगल में नक्सलियों के छिपे होने की सूचना पर ग्रेहाउंड व पुलिस की संयुक्त टीम रवाना की गयी थी, जिसने योजनाबद्ध तरीके से इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस की मौजूदगी भांपकर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस बल ने भी फौरन मोर्चा संभालते हुए गोलीबारी की। लगभग एक घंटे तक दोनों ओर से रूक-रूककर हुयी फायरिंग के बाद नक्सली घने जंगल और पहाड़ी की आड़ लेकर भाग गए।

## एक लाख की ईनामी समेत 15 नक्सलियों ने किया आत्म समर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास एवं आत्म समर्पण नीति से प्रभावित, पुलिस द्वारा चलाये गये नक्सल विरोधी अभियान से दबाव में आकर, समाज की मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छा,



आंध्रप्रदेश के बड़े नक्सली लीडरों की प्रताड़ना एवं भेदभाव से प्रताड़ित होकर एक नेशनल पार्क एरिया के एक लाख की ईनामी महिला समेत 15 सक्रिय नक्सलियों ने बीजापुर जिला पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि ग्राम जारामरका से 09 पुरूष एवं 06 महिला माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिसमें एक लाख की ईनामी महिला माओवादी ईरपा वाचम सीएनएम कमाण्डर है। 03 पुरूष माओवादियों ने हथियार के साथ किया समर्पण है। समर्पित नक्सलियों में एक सीएनएम अध्यक्ष, 5 मिलिशिया सदस्य, 8 डीएकेएमएस सदस्य एवं एक आरपीसी सदस्य है।

## लोग मुझे ऐक्शन मूवीज में देखना चाहते हैं: प्रभास

पूरे देश में अपनी सुपरहिट फिल्म बाहुबली से तहलका मचा देने वाले तेलुगू सुपरस्टार प्रभास को लोग अब हिंदी फिल्मों में भी देखना चाहते हैं। लगता है अब प्रभास भी बॉलिवुड में अपना जोरदार डेब्यू चाहते हैं। हालांकि उनकी फिल्म साहो भी बाहुबली की तरह हिंदी में भी रिलीज की जाएगी। इस फिल्म उनके साथ श्रद्धा कपूर दिखाई देंगी।



प्रभास ने इस बात पर खुशी जताई है कि उनकी एक और बेहतरीन ऐक्शन फिल्म हिंदी में भी रिलीज होने जा रही है। इससे पहले प्रभास को हम बाहुबली में जबर्दस्त ऐक्शन में देख चुके हैं। साहो के बारे में उन्होंने कहा, मुझे लगता है बाहुबली के बाद लोग मुझे ऐक्शन मूवीज में ही देखना चाहते हैं। यह स्क्रीनप्ले पर बेस्ड फिल्म है और सुजीत और उनकी टीम ने इसकी स्क्रिप्ट पर 3 साल से ज्यादा काम किया है।

प्रभास ने भी इस फिल्म के लिए अपनी तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इस फिल्म में अपने लुक के लिए प्रभास ने कड़ी मेहनत की है। बताया जा रहा है कि उन्होंने इसके लिए बेहत स्ट्रिक्ट डाइट और वर्कआउट रुटीन फॉलो किया है।

## जानी लीवर की बेटी जैमी लीवर इंस्टाग्राम पर बनी फैशन दिवा

दिग्गज कामेडियन जानी लीवर की बेटी और स्टैंडअप कामेडियन जैमी लीवर ने इंस्टाग्राम पर फैशन संबंधी अपनी तस्वीरें पोस्ट कर फैशन दिवा के रूप में नजर आई हैं। फोटो शेयरिंग एप इंस्टाग्राम पर जैमी के हैंडल पर नजर डालने से पता चलता है कि स्टैंडअप के दौरान वह किस तरह फैशन गेम खेलती हैं। उन्होंने फोटोग्राफ के साथ वन लाइनर भी डाला है।

एक तस्वीर में वह हाल्टर नेक कपड़े पहनकर गर्मी का संदेश दे रही हैं। इसमें उन्होंने कैप्शन डाला है- भैया थोड़ी एक्स्ट्रा चटनी देना। एक अन्य तस्वीर में वह टूपीस ड्रेस में नजर आ रही हैं। गोवा में बीच पर वह स्ट्रेपलेस गाउन में नजर आती हैं और कैप्शन लिखा है- सात समंदर पार मैं तेरे पीछे-पीछे आ गई।

जैमी ने अपने प्रोफाइल को साड़ी पहनकर एक नया ट्विस्ट भी दिया है। एक अन्य तस्वीर में वह साड़ी के साथ टीशर्ट ब्लाउज में नजर आ रही हैं। जैमी कामेडी सर्कस के महाबली, किस किसको प्यार करूं और इसके साथ ही उन्होंने कई लाइव शो होस्ट किए हैं।



उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था, मेरा जन्म मुंबई में हुआ, लेकिन कामेडियन के रूप में मेरा जन्म लंदन में हुआ। मेरे पिता जब ब्रिटेन के दौरे पर थे तब उन्होंने मुझे स्टैंडअप कामेडियन के रूप में अवसर दिया था। उस समय मैं मार्केटिंग जॉब में थी। लेकिन उसके बाद

## कलंक में अपने किरदार की प्रशंसा से सोनाक्षी खुश

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा का कहना है कि फिल्म कलंक में सत्या के किरदार को निभाना उनके लिए एक शानदार अनुभव रहा। अभिषेक वर्मन की पीरियड ड्रामा फिल्म कलंक में सत्या की भूमिका निभाने को लेकर सोनाक्षी की काफी सराहना हुई है। इसके साथ ही आदित्य रॉय कपूर के साथ उनकी केमिस्ट्री भी काफी पसंद की गई है। सोनाक्षी ने एक बयान में कहा, प्रतिक्रिया शानदार रही, सभी ने सत्या के मेरे किरदार को पसंद किया, जिससे मैं काफी खुश हूं। उन्होंने कहा, एक ऐसे किरदार को निभाना जो मर रहा हो और बहुत दर्द में हो, आसान नहीं था। अभिषेक ने मेरे अंदर से इन भावनाओं को बाहर लाने में काफी मदद की। मैंने अब तक जितने भी ऐसे किरदार निभाए हैं उनमें से ये सबसे शानदार रहे।